भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 332
उत्तर देने की तारीख 25 जुलाई, 2024

डाक निर्यात केंद्रों को प्रोत्साहन

332. # श्री नीरज डांगी:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा देश भर में कितने डाक निर्यात केंद्रों को स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है;

(ख) इन डाक निर्यात केंद्रों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) डाक विभाग द्वारा इन केंद्रों से किन-किन वस्तुओं का निर्यात किया जा रहा है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार ने ई-निर्यातों के लिए किन-किन देशों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं; तत्संबंधी नाम-वार व संख्या-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) सरकार ने डाकघर नेटवर्क के माध्यम से निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए देशभर में 1013 "डाकघर निर्यात केंद्र" स्थापित किए हैं। ये डाकघर निर्यात केंद्र, सीमापार ई-कॉमर्स की सुविधा के साथ-साथ पिछड़े इलाकों में रह रहे कारीगरों, बुनकरों, शिल्पकारों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच बनाने में मदद करते हैं।

(ख) 1013 डाकघर निर्यात केंद्रों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न है।

(ग) डाकघर निर्यात केंद्रों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की वस्तुएं और उत्पाद निर्यात किए जाते हैं, जिनमें रत्न और नकली आभूषण, कपड़े और परिधान, चमड़े के उत्पाद, हस्तशिल्प, आयुर्वेदिक और हर्बल उत्पाद, मसाले, वाद्ययंत्र, घड़ियां, घरेलू उपकरण, चाय और कॉफी तथा अन्य उपभोक्ता वस्तुएं आदि शामिल हैं।

(घ) डाक विभाग ने विभिन्न बहुपक्षीय और द्विपक्षीय समझौतों के आधार पर 41 देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट सेवा आरंभ की है। इनका ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है। वर्ष 2023-24 के दौरान, इन देशों के लिए लगभग 13.48 लाख ऐसे शिपमेंट बुक किए गए।

अनुबंध-I

राज्य-वार एवं संघ राज्यक्षेत्र-वार स्थापित किए गए डाकघर निर्यात केंद्रों (डीएनके) की संख्या का ब्यौरा :-

राज्य	स्थापित किए गए डीएनके की संख्या
आंध्र प्रदेश	29
अरुणाचल प्रदेश	23
असम	36
बिहार	46
छत्तीसगढ़	40
गोवा	5
गुजरात	48
हरियाणा	31
हिमाचल प्रदेश	18
झारखंड	26
कर्नाटक	76
केरल	21
मध्य प्रदेश	57
महाराष्ट्र	64
मणिपुर	16
मेघालय	12
मिजोरम	11
नगालैंड	15
ओडिशा	35
पंजाब	26
राजस्थान	53
सिक्किम	1
तमिलनाडु	64
तेलंगाना	38
त्रिपुरा	8
उत्तर प्रदेश	93
उत्तराखंड	18
पश्चिम बंगाल	30

संघ राज्यक्षेत्र	
अंडमान एवं निकोबार द्वीप-समूह	3
चंडीगढ़	3
दादरा एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव	3
दिल्ली	33
जम्मू व कश्मीर	26
लद्दाख	2
लक्षद्वीप	1
पुदुच्चेरी	2
कुल	**1013**

अनुबंध-II

अंतरराष्ट्रीय ट्रैक्ड पैकेट सेवा (आईटीपीएस) वाले देशों की सूची

क्रम सं.	देश	क्रम सं.	देश
1	अरूबा	21	जर्सी
2	ऑस्ट्रेलिया	22	कोरिया (रिपब्लिक)
3	बेलारूस	23	लिथुएनिया
4	भूटान	24	मलेशिया
5	कनाडा	25	मंगोलिया
6	कंबोडिया	26	मोरक्को
7	चिली	27	म्यांमार
8	चीन	28	नीदरलैंड
9	कुरसावो	29	न्यूजीलैंड
10	डोमिनिकन गणराज्य	30	ओमान
11	मिस्र	31	फिलीपींस
12	एस्टोनिया	32	सिंगापुर
13	फ्रांस	33	सोलोमन आइलैंड
14	जॉर्जिया	34	श्रीलंका
15	जर्मनी	35	स्वालबार्ड और जेन मायेन
16	जिब्राल्टर	36	थाइलैंड
17	ग्रेट ब्रिटेन	37	तुवालू
18	हांग कांग	38	यूक्रेन
19	इंडोनेशिया	39	संयुक्त अरब अमीरात
20	जापान	40	संयुक्त राज्य अमेरिका
		41	वियतनाम

*****